आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 30.05.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री बिहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के काराकाट में 48 हजार पांच सौ बीस करोड रूपये मूल्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लडाई अडिग है और कभी नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का खतरा सीमापार से हो या देश के भीतर से उसे कुचलने के लिए हम कृतसंकल्प हैं।

राष्ट्रपति फ्लोरेंस पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में 15 नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार-2025 प्रदान किए। यह पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों की सराहनीय सेवाओं के सम्मान में इस पुरस्कार को दिए जाने की घोषणा वर्ष 1973 में की थी।

बाइक रैली 'अहिल्या वाहिनी'

प्रदेशव्यापी महिला बाइक रैली 'अहिल्या वाहिनी' का आज भोपाल में आयोजन किया गया है। रैली शौर्य स्मारक से शुरू होकर न्यू मार्केट, रोशनपुरा, जवाहर चौक, अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा चौराहा, व्यापमं चौराहा होते हुए फिर शौर्य स्मारक पर खत्म हुई ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में नारी शक्ति को सदैव उच्च स्थान प्राप्त रहा है। यह रैली केवल आयोजन मात्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति की दृढ़ता, आत्मनिर्भरता और बदलती सामाजिक सोच का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ट्रैफिक बदलाव

राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर कल आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में प्रदेशभर से महिलाएं शामिल होंगी। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. इस आयोजन के लिए यातायात पुलिस ने मार्ग, पार्किंग और डायवर्जन व्यवस्था जारी कर दी है। इसके तहत आयोजन स्थल, प्रधानमंत्री के आवागमन से जुड़े रस्ते बंद रहेंगे और वहां चालकों के लिए वैकल्पिक रास्ते सुझाए गए हैं.

विकसित कृषि संकल्प अभियान

आगर मालवा जिले के ग्राम हड़ाई कल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि जिले के कृषक, खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी अपनाएं, जिससे दोहरी इनकम होगी तो आर्थिक रूप से समृद्धि आएगी।

सऊदी अरब-सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कल सऊदी अरब में अपना तीन दिवसीय राजनयिक मिशन सम्पन्न किया। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में सीमापार हमलों के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख पर जोर दिया। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच बढ़ते सुरक्षा सहयोग को मजबूत किया और विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी और क्षेत्रीय स्थिरता के क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार किया।

समाचार संक्षेप में...

1. शिवपुरी जिले में कल विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा और इस अवसर पर एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।
2. सिंगरौली स्थित नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड प्रतीक्षालय, बिजली, पानी की सुविधा और पार्क निर्माण के लिए सीएसआर मद से 23 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी ।

और

3. रायसेन जिले के सिलवानी बेगमगंज विधानसभा के कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल के दो दिन से अपहृत 2 वर्षीय पोते दिव्यम को पुलिस ने तामिया से खोज निकाला है. इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

नमस्कार